हिन्दी अनुभाग

भारत सरकार

प्रकाशन विभाग

शहरी विकास मंत्रालय

सिविल लाइन्स दिल्ली-54

Website: www.deptpub.gov.in

Email: acop-dep@nic.in (&) pub.dep@nic.in

TEL.: 2381 7823 / Fax: 2381 7846.

सं. 21/1/94(कोषापाल)-स्था.

दिनांक 08-8-2014

परिपत्र

उन योग्य उम्मीदवारों से जो नियमानुसार सामान्य भत्ते सहित रू 5200-20200/- + ग्रेड वेतन रू 2800/- के वेतनमान में कोषापाल के पद के लिए विचार किए जाने के लिए इच्छुक है , आवेदन पत्र आमत्रित किए जाते है । चयनित उम्मीदवार को पद की नियुक्ति से पहले अपेक्षित कैश सिक्यूरिटी देनी वांछनीय है तथा उसे निर्धारित बॉड निष्पादित करना होगा ।

कोषापाल के पद के चयन के लिए योग्यता निम्नानुसार है –

प्रतिनियुक्तिः- केन्द्र सरकार के कर्मचारी :

1. जो नियमित आधार पर अनुरूप पद पर है : अथवा
2. उच्च श्रेणी पद अथवा समकक्ष के ग्रेड में 5 वर्ष का नियमितसेवाकाल

टिप्पण 1:- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण 2:- पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे ।

टिप्पण 3:- प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा, 01 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापना ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा समझी जाएगी ।

.........2/-

सरकारी विभागों के पात्र उम्मीदवार 5 वर्ष की एसीआर/एपीएआर, सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र भेजे ।

आवेदन पत्र रोजगार समाचारपत्र में परिपत्र की तिथि के 60 दिनों के भीतर अद्योहस्ताक्षरी के पास पहुँच जाने चाहिए । अनुबंधित अवधि के समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाऐगा ।

(दिनेश चन्द्र)
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)

प्रतिलिपि प्रेषित:-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ/संबंधित कार्यालयों को ।
2. बिक्री पटल मुम्बई, बुक डिपो कोलकाता तथा किताब महल सहित प्रकाशन विभाग के सभी अनुभाग प्रमुखों को इस निदेश के साथ कि इस परिपत्र को सभी संबंधितों के नोटिस में लाया जाए ।
3. संपादक, इम्पलाइमैन्ट न्यूज़/रोजगार समाचार, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ईस्ट ब्लॉक, लेवल-5, आर के पुरम, नई दिल्ली ।
4. प्रशा.-II अनुभाग, शहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली
5. अवर सचिव (पी एस पी) शहरी विकास मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली
6. उप निदेशक (प्रशा.), मुद्रण निदेशालय, बी विंग, निर्माण भवन नई दिल्ली
7. सहा. नि. स्टेशनरी (प्रशा.) जी. ओ. आई. लेखन सामाग्री कार्यालय, 3, चर्च लेन, कोलकाता-700001
8. सम्पदा निदेशक, निर्माण भवन, नई दिल्ली
9. निदेशक, एल. एण्ड डी. ओ. निर्माण भवन, नई दिल्ली
10. संयुक्त सचिव एवं प्रकाशन नियंत्रक के वैयक्तिक सहायक
11. वित्तीय अधिकारी, प्रकाशन विभाग के वैयक्तिक सहायक
12. ई-राजपत्र अनुभाग को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
13. गार्ड फाइल
14. नोटिस बोर्ड

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)